हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 21 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

10 दुर्जनपुर का मॉडर्न स्कूल बना ओवर ऑल विजेता



10 बेटी पढ़ी लिखी होने से दो परिवारों का सुधार: संधू



## खबर संक्षेप

### पिस्तौल-दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक दबोचा

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने युवक को काबू कर कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सदर थाना नरवाना पुलिस को सूचना मिला थी कि गांव दनौदा कलां से कलौदा जाने वाले रोड पर युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे एक पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### गांव सैर में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** जिले के गांव सैर में हुई मारपीट में व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। सैर के कृपाल सिंह ने सिवान थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 जनवरी को कृष्ण कुमार, रामपाल, ईश्वर, देवेंद्र, अशोक, दीपू,रामफल, सुभाष, विशाल तथा सूरजभान ने मिलकर उसे पर लाठी डंडे और गंडासियों से हमला करते उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। सब इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 408 ग्राम चरस के साथ युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने जम्मू-कटरा नेशनल हाइवे पुल कालवा के पास से एक युवक को को काबू कर उसके कब्जे से 408 ग्राम चरस बरामद की है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव कालवा-खरकगागर रोड पर जम्मू-कटरा नेशनल हाइवे पुल के नीचे युवक नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया।

### चोरों ने हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** डेरा गदला रोड पट्टी अफगान से चोर हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। महावीर सिंह ने शहर पुलिस को दी का शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 15 जनवरी को कर उनके फार्म पर घुसकर वहां पर रखा ट्रैक्टर का सामान, कल्टीवेटर, ट्यूबवेल के तार में अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 15000 रुपये बताई गई है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल अयूब ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बस में यात्री की जेब से सवा दस हजार गायब

**जींद।** सफीदों बस अड्डे पर बस में सवार हो रहे व्यक्ति की जेब से अज्ञात ने सवा दस हजार रुपये की नकदी को चोरी कर लिया। थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। हाट निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफदों बस अड्डे से गांव जाने के बस में सवार हुआ था। बस में भीड़ भी अच्छी थी। किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठा कर उसकी जेब से दस हजार 280 रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब उसने टिकट लेने के लिए जेब में हाथ मारा। शहर थाना सफीदों पुलिस ने राजेंद्र की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा खाईवाल करते एक युवक से नकदी बरामद

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने नहर पटरी पर एक युवक को सट्टा खाईवाल करते काबू कर उसके कब्जे से 5250 रुपये की नकदी तथा सट्टा पर्ची बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए सफीदों को सूचना मिली थी कि जाट धर्मशाला के सामने नहर पटरी पर एक युवक सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया है।

# प्राकृतिक खेती करने वाले 12 दंपति देखेंगे कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह

## केंद्र सरकार ने भेजा विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रण, आमंत्रण प्राप्त करने वाले किसानों में खुशी की लहर दौड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्रीय सरकार ने कृषि मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से प्राकृतिक खेती करने वाले हरियाणा के 12 किसानों को उनकी धर्मपत्नियों के साथ दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। भारत सरकार का यह निमंत्रण प्राप्त करने वाले किसानों में जिला जींद से गांव अहिरका के प्राकृतिक खेती करने वाले किसान व प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक डा. सुभाष चंद्र व सुमित्रा रानी, ढाठरथ गांव के ईश्वर अत्री व अंग्रेजों देवी, खरकरामजी गांव के मनजीत सिंह व अनिता रानी, रिटौली गांव के बलिंद्र लोहान व मुकेश देवी, बीबीपुर गांव के राजबीर साहू व पिंकी, रेवाड़ी जिले के यशपाल खोला व अनीता रानी, रोहतक जिले के चिड़ी गांव से बंसीलाल व मुकेश देवी, नांदल गांव से जयप्रकाश व कृष्णा देवी, सोनीपत जिले के शहजादपुर गांव के कपिल देव व रीना देवी, कैथल जिले के बाता गांव से जोनी राणा व पूजा देवी तथा यमुनानगर से विजय कुमार व निरूपा देवी शामिल हैं। इन किसानों में से रेवाड़ी के किसान यशपाल खोला को तो महामहिम राष्ट्रपति की तरफ से गणतंत्र दिवस की संध्या पर राष्ट्रपति भवन में होने वाले एट होम कार्यक्रम में भी शामिल होने का विशेष आमंत्रण मिला है। यह निमंत्रण प्राप्त कर प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा के प्राकृतिक खेती के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान हमेटी के निदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को गणतंत्र दिवस की परेड में बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित करना सरकार की प्राकृतिक खेती को लेकर उच्च स्तर की सोच व गंभीरता को दर्शाता है।







**जींद।** अहिरका निवासी सुभाष चंद्र व सुमित्रा रानी व रिटौली निवासी बलिंद्र लोहान व बीबीपुर निवासी राजबीर साहू।

### कई वर्षों से प्राकृतिक खेती कर बने मिसाल

प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सरकार द्वारा विशेष मान सम्मान देना, सरकार की एक बहुत बड़ी पहल है जो अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि ये सभी 12 किसान वो किसान हैं जो कई वर्षों से प्राकृतिक खेती कर एक मिसाल बने हुए हैं तथा अपने खेतों को पीजीएस.इंडिया सिस्टम में प्रमाणित करवा कर अपने कृषि उत्पादों की स्वयं बिक्री करते हैं। केंद्र सरकार ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए इनका चयन हरियाणा सरकार की सिफारिश पर किया है। डा. कर्म चंद ने बताया कि ये किसान स्वयं तो प्राकृतिक खेती करते ही हैं, अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित व उनका मार्गदर्शन करते हैं। इन सभी किसानों ने हमेटी जींद में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा ने इनका प्राकृतिक खेती में बतौर कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) भी चयन किया हुआ है।



**जींद।** जांच करते हुए टीम। *फोटो :हरिभूमि*

# तैयार घी के 2 सैंपल जांच के लिए भेजे, फैक्ट्री सील

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खेड़ी तलोडा में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव तलोडा खेड़ी में घी बनाने की एक फैक्टरी पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को छापेमारी की। टीम ने यहां तैयार किए गए घी से दो सैंपल लिए और जांच के लिए भेज दिए। विभाग ने सैंपल रिपोर्ट आने तक फैक्टरी को सील कर दिया है। विभाग की टीम को यहां 880 लीटर घी पेकिंग में तथा 30 लीटर खुला घी मिला। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा० योगेश कादियान को सूचना मिली कि गांव तलोडा खेड़ी में घी बनाने की फैक्टरी चल रही है। यहां पर जो घी बन रहा है वह मिलावटी हो सकता है। विभाग की टीम ने मंगलवार को सूचना मिलने के बाद तुरंत तलोडा खेड़ी में घी बनाने की फैक्टरी में दबिश दी। यहां पर श्री श्याम मिल्क फूड प्रोडक्ट के नाम से फैक्टरी चलाई जा रही थी। इसमें यश्वी सागर प्योर देसी घी बनाया जा रहा था। टीम को मौके से 910 लीटर घी मिला। इसमें 800 लीटर पैक किया हुआ थाए जबकि 30 लीटर घी खुला रखा हुआ था। टीम ने एक सैंपल खुले घी से तथा एक सैंपल पैकिंग के घी से लिया। इसके बाद टीम ने फैक्टरी को सील कर दिया। जब तक इन सैंपलों की जांच रिपोर्ट नहीं आ जातीए फैक्टरी सील रखी जाएगी।

### रिपोर्ट पर कार्रवाई

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कितलोडा खेड़ी गांव में घी बनाने की फैक्टरी से 880 लीटर पैकिंग में घी मिला और 30 लीटर खुला रखा घी मिला है। दोनों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए है। जांच रिपोर्ट आने तक फैक्टरी को भी सील कर दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## ढाबे की आड़ में नशे के कारोबार का भंडाफोड़, सीआईए का खुलासा

# शातिर तस्कर, खेत में तहखाना बना छुपाया 276 किलोग्राम चूरा पोस्त

## लोहे का तहखाना जमीन में दबा डाल रखी थी पराली और गोबर

**गांव डूमरखां खुर्द के निकट खेतों में छापेमारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव डूमरखां खुर्द के निकट खेतों में छापेमारी कर 276 किलो 100 ग्राम चूरा पोस्त बरामद करते हुए एक तस्कर को काबू किया है। चूरा पोस्त गेहूं के खेत में लोहे का तहखाना दबाया हुआ था। जिसके उपर पराली तथा गोबर डाला हुआ था। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए तस्कर समेत दो लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव डूमरखां खुर्द निवासी सुमित तथा मनीष अपने ढाबे की आड़ में नशीले पदार्थो का कारोबार करते है। जिन्होंने मनीष के खेत में लोहे का तहखाना बना कर जमीन मे दबाया हुआ है। सुमित अपनी गाडी लेकर खेत से चूरा पोस्त लेने गया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मनीष के खेत में छापेमारी की तो वहां पर एक कार खड़ी दिखाई दी। नजदीक ही गेहूं के खेत से एक व्यक्ति तहखाने से निकलता दिखाई दिया। जिसे पुलिस कर्मियों ने काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में व्यक्ति की पहचान गांव डूमरखां खुर्द निवासी सुमित के रूप में हुई। पुलिस कर्मियों ने जमीन में दबे तहखाने की तलाशी ली तो 11 कट्टे भरे दिखाई दिए। जांचने पर उनमें चूरा पोस्त भरा पाया गया। जिसका वजन 276 किलो 100 ग्राम पाया गया। तहखाने को गोबर तथा पराली से ढका गया था। पुलिस पूछताछ में सुमित ने बताया कि वह गांव के ही मनीष के साथ ढाबा चलाता है। जिसकी आड़ में वे नशीले पदार्थों का कारोबार करते हैं। किसी को संदेह न हो मनीष के खेत में गड्ढा खोद कर लोहे का तहखाना बनाया था। जिसमें चूरा पोस्त को छुपा कर रखा गया था। डिमांड के हिसाब से चूरा पोस्त निकाल कर उसे स्पलाई कर देते थे। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुमित तथा मनीष के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



**जींद।** पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** नशा छुपाने के लिए बनाया गया खेत में तहखाना। *फोटो :हरिभूमि*

### पूछताछ जारी

सीआईए नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि ढाबे की आड़ में नशे के कारोबार की सूचना पर छापेमारी की गई थी। चूरा पोस्त को खेत में लोहे के तहखाने में छुपाया गया था। पकड़े गए आरोपित से नशे के नेटवर्क के बारे मे पूछताछ की जा रही है।

### मांगों को लेकर आशा वर्कर्स का रोष प्रदर्शन

**जींद।** आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को आशा वर्करों ने मांगों को लेकर नागरिक अस्पताल में प्रदर्शन किया। वर्षों से चली आ रही उपेक्षा और अनसुनी मांगों के कारण आशा वर्करों में प्रदेश सरकार के खिलाफ भारी गुस्सा देखने को मिला। प्रदर्शन से पहले आशा वर्कर्स नागरिक अस्पताल पार्क में मुकेश अलेवा के नेतृत्व में एकत्रित हुई। यहां बैठक का संचालन जिला सचिव राजबाला ने किया। आशा वर्करों ने प्रदर्शन करते हुए सिविल सर्जन रमेश पांचाल को 12 फरवरी की हड़ताल का नोटिस व मांग पत्र सौंपा। कहा कि आशा वर्कर्स ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। फिर भी उन्हें मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। राजबाला ने बताया कि सरकार द्वारा लगातार ऑनलाइन काम का दबाव बनाया जा रहा है।



**कैथल।** वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### यातायात के नियम तोड़ने वालों के काटे चालान

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 12 से 18 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा कर वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 76, ध्वनि प्रदूषण करने के 1, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 58 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 7 चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। एसपी उपासना ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

### बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**नरवाना।** जींद-पटियाला नेशनल हाईवे पर डूमरखां गांव के नजदीक मंगलवार को निजी बस व बाइक के बीच भिडंत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषड़ थी कि बाइक बस के नीचे घुस गई और बस बाइक को काफी दूरी तक घसीटते ले गई। जिससे बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तुरंत नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में बस में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। जानकारी अनुसार निजी बस जींद से नरवाना की ओर आ रही थी। जींद-पटियाला नैशनल हाईवे पर डूमरखां गांव के नजदीक मोड़ के पास बाइक हाइवे पर मुड़ने लगी तो बस और बाइक की टक्कर हो गई।



**जुलाना।** नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की खुशी में लड्डु बांटते कार्यकर्ता।

### नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जताई खुशी

**जुलाना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर जुलाना में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नगरपालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा के कार्यालय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने को पार्टी के लिए ऐतिहासिक और मजबूत कदम बताया। नगरपालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नितिन नबीन एक अनुभवी, कर्मठ और संगठन को मजबूत करने वाले नेता हैं। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से भारतीय जनता पार्टी का विजय रथ और अधिक तेज गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन ने हमेशा संगठन को प्राथमिकता दी है और कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद बनाए रखा है। जिसका लाभ आने वाले समय में पार्टी को मिलेगा। डा. जांगड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी नेतृत्व की नीतियों को नितिन नबीन के नेतृत्व में और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर पार्षद संदीप, जितेंद्र, अशोक, सतबीर आदि मौजूद रहे।

### सीआरएसयू में जोनल यूथ फेस्टिवल आज से होगा शुरू

**जींद।** सीआरएसयू वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि विवि में 21 से 23 जनवरी के बीच इंटरनल जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। युवा महोत्सव का आयोजन विवि के युवा एवं सांस्कृतिक निदेशालय द्वारा किया जाएगा। महोत्सव में विवि के विभिन्न आंतरिक जोनों के विद्यार्थी भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सीआरएसयू वीसी प्रो. रामपाल सैनी मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वीसी प्रो. सैनी ने कहा कि यह युवा एवं सांस्कृतिक महोत्सव विद्यार्थियों की रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतिभाओं को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक सोच का विकास करते हैं।

**अभियान** | रिकार्ड की जांच के साथ, नियम पालनों की दी हिदायत

# खुफिया विंगों ने होटल, गेस्ट हाउस व आश्रय स्थलों को छह घंटे तक खंगाला

संदिग्ध दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को देखते हुए मंगलवार को खुफिया विंगों ने होटलों, धर्मशालाओं तथा गेस्ट हाउसों को खंगाला। लगभग छह घंटे चले चले सर्च अभियान में कुछ भी आपित्तजनक नही पाया गया। खूफिया विंगों ने होटल, गेसट हाउस तथा धर्मशाला संचालकों को नसीहत दी कि बिना आईडी प्रूफ के न ठहरने दें। संदिग्ध दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। गणतंत्र दिवस के मध्यनजर मगंलवार को सुबह आईबी, सीआईडी तथा एसपी सिक्योरटी की संयुक्त टीम ने गोहाना रोड के होटलों, गेस्ट हाउस, धर्मशालाओं में दस्तक दी। उनके रजिस्टरों को जांचा तथा ठहरे लोगों के बारे में जानकारी जुटाई। यह भी जांच की कि होटल गेस्ट हाउस संचालक तथा धर्मशाला संचालक निर्धारित नियमों की पालन कर रहे हैं या नही कर रहे हैं। ठहने वाले लोगों के नाम, पते, आईडी प्रूफ के साथ दर्ज हैं या नही हैं। हालांकि लगभग छह घंटे चले सर्च अभियान में कुछ भी आपत्तिजनक नही पाया गया। संयुक्त टीम ने होटल, गेस्ट हाउस तथा धर्मशाला संचालकों को हिदायत दी कि बिना आईडी प्रूफ के किसी न ठहरने दें। ठहरने वाले व्यक्ति का पूरा विवरण दर्ज करें। अच्छे तरीके से वेरिफाई करें। अगर फिर भी को व्यक्ति संदिग्ध दिखाई देता है या उसकी गतिविधियां संदिग्ध दिखाई देती हैं तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।



20 जे 11 जांच करते हुए खुफिया विंगों के कर्मी।

### लगातार नजर रखी जा रही

सीआइडी के डीआई रामनिवास ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मध्यनजर चौकसी को बढाया गया है। आश्रय स्थलों पर लगातार नजर रखी जा रही है। औचक आश्रय स्थलों का जायजा लिया जा रहा है।

# खिलौने की दुकान पर विक्रेता और ग्राहकों के बीच चले लात-मुक्के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रेलवे गेट स्थित नरवानिया बिल्डिंग के पास सोमवार देर शाम खिलौनों की दुकान पर सामान का रेट कम करवाने को लेकर महिला व दुकानदार के बीच विवाद हो गया। महिला व उसके साथ आए भाई द्वारा 10 से 15 अन्य युवकों को दुकान पर बुलाने के बाद यह विवाद हंगामे में बदल गया। इस दौरान बुलाए गए युवकों ने दुकान में तोड़फोड़ की और एक वर्कर से मारपीट भी की। इसके बाद आसपास के दुकानदार भी एकत्रित हो गए। वहीं, महिला व उसके भाई की दुकानदार के साथ दुकान में बहस का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। हंगामे के बाद दुकानदारों ने मंगलवार सुबह करीब 20 मिनट तक अपनी दुकानें बंद रखीं और सिटी थाना में दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### दोनों पक्षों में समझौता

एएसआई सुभाष ने बताया कि रेलवे रोड नरवानिया बिल्डिंग के पास खिलौने की दुकान में दो पक्षों के बीच विवाद के दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी शिकायत दी थी। इसके बाद दोनों पक्ष के लोग मंगलवार सुबह थाने में पहुंचे थे। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात रखी। दोनों पक्ष के लोगों को समझाया गया। माफीनामा के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी शिकायत वापस ले ली है।

## खबर संक्षेप

### गांव में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जींद ।** गांव रूपगढ़ की सामान्य चौपाल में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शाहपुर से पहुंची आयुर्वेद टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें उचित आयुर्वेदिक उपचार प्रदान किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य परामर्श के साथ-साथ योग एवं आयुर्वेद से संबंधित जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने इस शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की मांग की।

### एसडीएम ने किया भवन का निरीक्षण

**नरवाना।** आगामी 22 जनवरी को होने वाले भव्य संत समागम से पहले उपमंडल अधिकारी जगदीश चंद्र ने स्थानीय डा. भीमराव अंबेडकर भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जगदीश चंद्र ने भवन के पदाधिकारियों को आवश्यक सुझाव दिए वहीं नगर परिषद के अधिकारियों को साफ-सफाई, वयवस्थाओं और निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए।

### बैंकिंग ऑपरेशंस प्रोग्राम पर सेमिनार आयोजित

**जींद ।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए इन्वेस्टमेंट बैंकिंग ऑपरेशंस प्रोग्राम पर विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें टाइम्स ग्रुप की प्रतिष्ठित संस्था टाइम्सप्रो से रिसोर्स पर्सन के रूप में विनय राय एवं सूर्यांश सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### ट्रैक्टर ने मारी टक्कर बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव किनाना के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव किनाना मोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता धन सिंह बाइक पर सवार हो कर गांव की तरफ आ रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें उसका पिता घायल हो गया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** दुर्गा कालोनी से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्गा कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एनएसएस शिविर का भव्य शुभारंभ

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा 20 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को धूमधाम से शुभारंभ हुआ। इस वर्ष शिविर का मुख्य विषय यूथ फॉर माय भारत है। जो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर केंद्रित यह शिविर देश के भविष्य को आकार देने में युवा शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालेगा। शिविर की शुरुआत योग सत्र से हुईए जिसने स्वयंसेविकाओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं : एडीसी

**जींद।** प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिसके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। एडीसी प्रदीप कुमार ने बताया की हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है।

---

### निजी स्कूलों की खंड स्तरीय शैक्षणिक प्रतियोगिता

# दुर्जनपुर का मॉडर्न स्कूल बना ओवर ऑल विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

फैडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उचाना द्वारा खंड स्तरीय शैक्षणिक प्रतियोगिता आयोजित करवाई। ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में आयोजित प्रतियोगिता में उचाना ब्लॉक के करीब 25 स्कूलों के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बीते कई सालों से ये प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं कक्षा की प्रतियोगिता चार वर्गों में हुई। प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिलास्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चार वर्गों में से तीन वर्गों में मॉडर्न स्कूल दुर्जनपुर के विद्यार्थी प्रथम रहने पर खंड स्तरीय प्रतियोगिता में ओवर ऑल विजेता बना।

एसोसिएशन के प्रधान साधुराम खटकड़ ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना है। आज का दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है। इस तरह के आगे निकलने के लिए विद्यार्थी के मनों में प्रतिस्पर्धा की भावना जरूरी है। खंड स्तर के बाद जिलास्तर पर प्रतियोगिता होगी। प्रतिभावन विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिता के माध्यम से आगे आने के अवसर मिलते है। प्रतिभाओं की कमी क्षेत्र में नहीं है। इन प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस तरह के आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।



उचाना। शैक्षणिक प्रतियोगिता में ओवर ऑल विजेता मॉडर्न स्कूल दुर्जनपुर के विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर हरदीप श्योकंद, संजय कौशिक, भूपेंद्र गिल, नरेंद्र वत्स, रामनिवास दुर्जनपुर, सुनील खटकड़, मुकेश शर्मा, डिंपल अरोड़ा, प्रदीप श्योकंद, राकेश मौजूद रहे।

**ये रहे परिणाम**

**5वीं कक्षा वर्ग**

यदवी मॉडर्न स्कूल दुर्जनपुर प्रथम, शिक्षा शिव गुरूकुलम छात्तर द्वितीय, वंशिका सरस्वती स्कूल घोघड़िया तृतीय।

**8वीं कक्षा वर्ग**

अनुज मॉडर्न स्कूल दुर्जनपुर प्रथम, अंशुका विकास हाई स्कूल कोथ कलां द्वितीय, अंश सरस्वती स्कूल घोघड़िया तृतीय।

**10वीं कक्षा वर्ग**

खुशी ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा, तनीषा विकास स्कूल कोथ कलां द्वितीय, प्रियांशी शिव गुरूकुलम छात्तर तृतीय।

**12वीं कक्षा वर्ग**

ज्योति मॉडर्न स्कूल दुर्जनपुर प्रथम, निशा माडर्न स्कूल दुर्जनपुर द्वितीय, अरूण शिव गुरूकुलम छात्तर तृतीय।

---

# मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर पाएं वित्तीय सहायता : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद।

हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया अधिक सरल हो गई है। एडीसी प्रदीप कुमार ने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। एडीसी प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**कमेटी गठित**

उन्होंने बताया कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है।



जींद। अस्पताल को नवजात शिशुओं के लिए गरम कपड़े भेंट करते हुए सृष्टि संस्था पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### नवजात शिशुओं को गर्म कपड़े वितरित

**जींद।** शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में डिलवरी होने पर नवजात शिशुओं को गरम कपड़े (सेट) उपलब्ध करवाए हैं। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सृष्टि संस्था के संयोजक डा. विवेक सिंगला, डा. मंजू सिंगला, बलविंद्र सिंह ने की। डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि सृष्टि संस्था द्वारा अस्पताल प्रशासन को नवजात शिशुओं के लिए जो गरम कपड़ों के सेट उपलब्ध करवाए गए हैं, उससे यहां डिलीवरी करवाने वाले अभिभावकों को तुरंत प्रभाव से यह कपड़े उपलब्ध करवाए जा सकेंगे। संस्था ने यह बहुत ही सराहनीय काम किया है।

### पशुधन बीमा योजना का लाभ उठाएं पशुपालक

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में पशुधन को जोखिम मुक्त करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना चलाई जा रही है। एडीसी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। यह योजना केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पशुधन मिशन और राज्य सरकार के सांझा सहयोग द्वारा चलाई जा रही है। जिला के सभी पशुपालक योजना का लाभ उठाएं और अपने पशुओं का बीमा जरूर करवाएं। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत दो प्रकार के पशुओं का वर्गीकृत किया गया है। बड़े पशु तथा छोटे पशु। बड़े पशुओं में गाय, भैंस, झोटा, घोड़ा, ऊंट, गधा, खच्चर इत्यादि और छोटे पशुओं में भेड़ए बकरी इत्यादि का बीमा किया जाता है। प्रत्येक परिवार दस पशुधन यूनिट का बीमा करवा सकता है।

---

### 265 मरीजों की आंखें जांची

**जींद।** लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा मंगलवार को 56वां आंखों का कैंप अग्रवाल धर्मशाला में लगाया गया। कैंप में मुख्यातिथि के रूप में एसपी कुलदीप सिंह रहे और सम्मानित अतिथि सज्जन गर्ग ने शिरकत की। कैंप में चार्टर अध्यक्षत सुरेश जिंदल, क्लब के प्रधान विकास मित्तल, क्लब के सभी मैम्बरस व इस कैम्प के स्पांसर राकेश गोयल ओर अन्य सदस्य मौजूद रहे। कैंप में 265 मरीजों के आंखों की जांच की । जिसमें 52 को ऑप्रेशन के लिए दिल्ली वेन्यू आई इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर में ले जाएगा। अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा। वीरवार को सभी वापस अग्रवाल धर्मशाला में आएंगे और 50 मरीज वीरवार को दिल्ली ऑपरेशन के लिए जाएंगे। इसी कड़ी में मंगलवार को जरूरतमंद परिवार को 21 हजार की आर्थिक सहायता क्लब द्वारा दी गई।



जींद। शिविर में आखों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि



उचाना। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### शिवानिया स्कूल ने पाया चौथा स्थान

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी के विद्यार्थियों ने हिसार की ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से रजत पुत्र नरेश कुमार एवं तनीषा पुत्री राजवीर सिंह ने भाग लिया। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की। पहला चरण विद्यालय में लिखित प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया। दूसरे चरण के लिए विद्यालय से दो शीर्ष विद्यार्थियों को चुना। दूसरे चरण में भी लिखित परीक्षा का आयोजन ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रांगण में किया गया। प्रधानाचार्य प्रोमिला मलिक ने बताया की तीसरे चरण के लिए 480 टीमों में से विद्यालय के दोनों विद्यार्थियों ने अंतिम दस में जगह बनाई। अंतिम 10 टीमों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

### छात्रों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया

**जुलाना।** किलाजफरगढ़ में स्कूली छात्रों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग सहायक बलराज आर्य ने छात्रों को योग के बारे में जानकारी दी। बलराज आर्य ने कहा कि जिला आयूर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला, संयोजक डा. योगेश और योग विशेषज्ञ गोविंदा के दिशा निर्देशानुसार छात्रों को सूर्य नमस्कार अभ्यास करवाया। 12 जनवरी से लेकर 12 फरवरी तक प्रदेश भर में सुर्य नमस्कार अभियान चलाया है। जिसका उद्देश्य देश के नागरिकों को योग से जोड़कर देश को समृद्ध और स्वस्थ करना है। सूर्य नमस्कार से शरीर के सभी अंगों का व्यायाम हो जाता है और योग करने वाले युवा के चेहरे पर चमक आ जाती है और काफी रोग योग से कट जाते हैं। जीवन में योग को नियमित रूप से अपनाना चाहिए।



जुलाना। किलाजफरगढ़ गांव मे योग करते छात्र। फोटो : हरिभूमि



उचाना। सूर्य नमस्कार करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### नियमित योग के लिए किया प्रेरित

**उचाना।** आयुष विभाग हरियाणा युवा आयोग एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी जींद डॉ. अमित रोहिल्ला के निर्देशानुसार जीएसएसएस स्कूल काब्रच्छा में सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का संचालन आयुष योग सहायक सतीश कुमार द्वारा किया। विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के महत्व, विधि एवं स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सतीश कुमार ने सभी को सूर्य नमस्कार के 12 चरणों का अभ्यास करवाया तथा नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मोटापा कम होता है तथा मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। इस मौके पर प्रिंसिपल सज्जन कुमार, विक्रम, सोनिया, सुदेश, संदीप उपस्थित रहे।

---




उचाना। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### प्रथम रिहर्सल का आयोजन

**उचाना।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन एवं प्रथम रिहर्सल का आयोजन गीता विद्या मंदिर हाई स्कूल उचाना मंडी में किया। कार्यक्रम में उचाना एवं अलेवा खंड के 22 स्कूलों से प्रतिभागी पहुंचे। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल में सुनील दत्त, चमन लाल, महाबीर प्रसाद को शामिल किया। संचालन मा. रामप्रसाद ने किया। मुख्य अतिथि बीईओ रणपाल श्योकंद रहे। अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति सचिव आरके गोयल रहे। रणपाल श्योकंद ने कहा कि जिन स्कूलों का चयन नहीं हुआ है उन स्कूलों के विद्यार्थियों को निराश नहीं होना चाहिए। वो बेहतर तैयारी करें ताकि भविष्य में उनका राष्ट्रीय पर्वों के आयोजनों में चयन हो सकें। हर किसी का चयन संभव नहीं होता है।

# अन्न की सेवा सबसे बड़ी : प्रदीप

**उपमंडल कार्यालय के सामने चल रही शुद्ध रसोई में पहुंचे एडीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

उपमंडल कार्यालय के सामने चल रही शुद्ध रसोई में एडीसी जींद प्रदीप शर्मा पहुंचे। यहां पर एडीसी ने खुद शुद्ध रसोई में भोजन को परोसते हुए शुद्ध रसोई को लेकर पूरी जानकारी ली। एडीसी को पगड़ी पहना कर रसोई का संचालन कर रहे ओमप्रकाश भौंगरा ने स्वागत किया। जरूरतमंदों को कंबल, जूते भी बांटे गए। ओमप्रकाश भौंगरा ने बताया कि शुद्ध रसोई में हर रोज 500 से अधिक लोग भोजन खाते है। किसी से भी भोजन का कोई रुपया नहीं लिया जाता है। एडीसी ने कहा कि जन सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट है जिसके द्वारा लगातार शुद्ध रसोई चलाई जा रही है। गरीब, जरूरतमंद लोग रोजाना यहां पर भोजन ग्रहण करते है। शुद्ध रसोई चला कर दान पुण्य का काम कर रहे है जो अपने आप में विशाल है जिसको देखने की इच्छा थी। सर्दी का मौसम है जरूरतमंद लोगों को कंबल भी बांटे गए है। बीडीपीओ ऑफिस उचाना का निरीक्षण भी किया। जो विकास कार्य चल रहे है उनका निरीक्षण किया। 26 जनवरी के बाद उचाना का दौरा कर जो विकास कार्य चल रहे है उनका भी निरीक्षण करेंगे। चेरिटेबल ट्रस्ट जो कार्य कर रहा है वो बहुत सराहनीय है। जन सेवा की भावना है।



उचाना। एडीसी प्रदीप शर्मा को पगड़ी पहना सम्मान करते हुए ओमप्रकाश भौंगरा।



जींद। वेदांता स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### वेदांता स्कूल की टीम चयनित

**जींद।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द ने एक बार फिर शैक्षणिक के साथ-साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। विद्यालय की टीम का चयन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के लिए ब्लॉक स्तर पर किया गया है, जो पूरे विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यालय के विद्यार्थियों में इस उपलब्धि को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। चयनित विद्यार्थियों ने पूरे समर्पणए अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अभ्यास किया। जिसके परिणामस्वरूप उनका ब्लॉक स्तर पर चयन संभव हो सका। विद्यालय में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को विशेष महत्व दिया जाता है। जिससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, मंच पर आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने विद्यार्थियों को 26 जनवरी के कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी तथा कहा कि वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी हर वर्ष ब्लॉक स्तर पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन करते हैं।

---

### लाइब्रेरी बनने से बेटियां गांव में परीक्षाओं की कर सकेंगी तैयारी

# बेटी पढ़ी-लिखी होने से दो परिवारों में सुधार: संधू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

सीएम ओएसडी ग्रीवेंसिज राकेश संधू ने कहा कि बेटियों के लिए लाइब्रेरी बनने से बेटियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आस-पास के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। गांव में लाइब्रेरी बनने से बेटी गांव में तैयारी प्रतियोगी परीक्षाओं की कर सकेंगी। आज पढ़ाई करके बेटियां बड़े-बड़े पदों पर नौकरी लग रही है। वे लालमन परिवार के कुलदेव बाबा नत्थन मल की जन्मभूमि गांव कोथकलां स्थित बनियों वाले दरवाजे के निकट नवनिर्मित भवन में लालमन जैन कन्या लाईब्रेरी के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। अध्यक्षता सरपंच महासिंह संधू, बाबा नत्थन मल जैन मंदिर कमेटी कोथकलां के चेयरमैन गिरीश जैन ने की। एसडीएम नारनौंद विकास यादव, रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेंद्र वर्मा, गैबीनगर सरपंच सरीन दलाल भी पहुंची। राकेश संधू ने कहा कि बेटी के शिक्षित होने से दो परिवारों का सुधार होता है। लालमन परिवार द्वारा स्थापित यह लाईब्रेरी बेटियों की शिक्षा के साथ-साथ स्वरोजगार की प्राप्ति व स्वावलम्बन की दिशा में ज्ञानवर्धक एवं कारगर सिद्ध होगी। इससे बेटियों को आगे बढने के अवसर प्राप्त होगे और वे इस लाईब्रेरी का फायदा उठाकर नया मुकाम हासिल कर सकेगी। बाबा नत्थन मल जैन कमेटी कोथकलां ने घोषणा की कि जो लड़की इस लाईब्रेरी का सदुपयोग एवं ज्ञान प्राप्त करके उच्च पद पर नौकरी हासिल करेगी उसको 51 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा।



उचाना। लाइब्रेरी उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे सीएम ग्रीवेंसिज ओएसडी राकेश संधू। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

लालमन परिवार कमेटी के चेयरमैन गिरीश जैन, प्रधान मांगेराम जैन, जगदीश जैन, रामनिवास जैन, सुरेंद्र जैन, सचिव हनुमान जैन, प्रवीण जैन, विजय कुमार जैन, सुशील, सौरभ, प्रमोद जैन, दिनेश जैन, दीपक रामेश्वर संधू, जयबीर संधू, सतपाल संधू, जगदीप संधू ,मुकेश कुमार, रामकुमार सहदेव, महेंद्र सोनी, सत्यनारायण, सुरेश कुमार, तेजबीर, उदयसिंह संधू , राजेश जैन, मनीष संधू मौजूद रहे।



जींद। खिलाड़ी का स्वागत करते हुए वीसी। फोटो : हरिभूमि

### सीआरएसयू के खिलाड़ी छाए

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय, प्रदेश एवं देश का नाम गौरवान्वित किया है। विश्वविद्यालय के कुश्ती एवं एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने पदक जीतने के साथ-साथ खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कुश्ती प्रतियोगिता में संदीप कुमार ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरव दिलाया। अंकित सिहाग ने 87 किलोग्राम भार वर्ग में ग्रीको रोमन कुश्ती शैली में रजत पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इसके अतिरिक्त नवदीप ने 86 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने समारोह की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां समय रहते पूरी करें अधिकारी: सुशील

**सांसद नवीन जिंदल बतौर मुख्य अतिथि करेंगे शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन इस बार भी पुलिस लाइन मैदान किया जाएगा और इस समारोह में सांसद नवीन जिंदल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी समारोह की तैयारियां समय रहते पूरी कर लें। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और कार्यों में कोई कसर न छोड़ें। एडीसी सुशील कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह के भव्य आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि पीटी शो, परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार कर लें और बच्चों की अच्छी तैयारी करवाएं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने ध्वजारोहण, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, बिजली, सफाई व्यवस्था, पेयजल एवं चिकित्सा सुविधाओं की गहनता से समीक्षा की। एडीसी ने कहा कि समारोह में जो भी झांकियां शामिल की गई हैं, वे भव्य और आकर्षक होनी चाहिए। 24 जनवरी को फाइनल रिहर्सल का आयोजन होगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि परेड के दौरान सभी प्लाटून का आपसी तालमेल हो। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के निर्धारित समय अनुसार सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।



कैथल। एडीसी डा. सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

**गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह**

एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय ढंग से किया जाएगा। गुहला उपमंडल पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में पूंडरी विधायक सतपाल जांबा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर डीएसपी सुशील प्रकाश, डीडीपीओ रितु लाठर, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष, डीआईओ दीपक खुराना, सीएमओ रेणु चावला, कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर, रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल,जीएम रोडवेज कमलजीत चहल, आईटीआई प्रिंसिपल सतीश मच्छाल, कार्यकारी अभियंता मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## देशभक्ति और लोक संस्कृति के रंगों से सजेगा कैथल का गणतंत्र दिवस समारोह

कैथल। 26 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा पूरे उत्साह के साथ की जा रही हैं। इस वर्ष का समारोह न केवल देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होगा, बल्कि इसमें हरियाणा सहित विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति की अनूठी झलक भी देखने को मिलेगी। साथ ही कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश भी जनता तक पहुंचाया जाएगा। मंगलवार को स्थानीय हिन्दू गर्ल्स स्कूल के सभागार में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से आई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान सभी टीमों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां पेश की। कमेटी ने प्रदर्शन की गुणवत्ता, समय सीमा और विषयवस्तु के आधार पर सबसे उत्कृष्ट कार्यक्रमों का चयन किया है। चयनित प्रस्तुतियों में दर्शन अकादमी का समूह नृत्य, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का समूह नृत्य, सुपार्श्व जैन पब्लिक स्कूल की कोरियोग्राफी, हिंदू स्कूल का पंजाबी गिद्दा, आरकेएसडी कॉलेज की विशेष प्रस्तुति, आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति शामिल है। साथ ही होली पथ स्कूल के मूक बधिर बच्चों द्वारा भी राष्ट्रगान में भाग लिया जाएगा।

**अंतिम अभ्यास 24 को**

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 24 जनवरी को पुलिस लाइन मैदान में अंतिम पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इसमें परेड के साथ-साथ चयनित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी मंचन होगा। इस अवसर पर डीईओ सुभाष, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नसीब सिंह सैनी, डब्ल्यूसीडीपीओ शशिबाला, प्रिंसीपल अश्वनी बत्तरा, प्रिंसिपल रविंद्र शर्मा, प्रोफेसर अशोक अत्री, एआईपीआरओ अमित कौशिक, कुशल पाल शर्मा, सुरेश कौशिक, प्रवीन थरेजा, अध्यापिका वंदना, प्रज्ञा पाशा जैन आदि मौजूद रहे।



कैथल। गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यक्रमों का चयन करते अधिकारी।



कैथल। गणतंत्र दिवस समारोह में चयन के लिए कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

**खबर संक्षेप**



### डीएवी स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

सीवन। दिल्ली के जिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित तीन दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल सीवन की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल हासिल कर विद्यालय, क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्या डॉ मीना मेहता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अंडर-14 खो-खो बालिका वर्ग में हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल सीवन की छात्राएं स्नेहा, रवनीत, लविषा, वंशिका एवं चाहत ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने अपने लीग व नॉकआउट मुकाबलों में छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली की मजबूत टीमों को पराजित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला बिहार टीम के साथ अत्यंत रोमांचक और कांटे का रहा, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद हरियाणा टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।



### वाहनों की नियमित जांच करने के निर्देश

कैथल। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस कैथल की टीम द्वारा अनाज मंडी कैथल में स्कूल बस व प्राइवेट वाहन चालकों जागरूक किय गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट व हेलमेट के प्रयोग, मोबाइल फोन का उपयोग न करने, ओवरलोडिंग से बचने तथा सड़क संकेतों का पालन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेष रूप से स्कूल बस चालकों को बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने, बस में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थियों को बैठाने और वाहन की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए। इंस्पेक्टर सतपाल सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।



### नाटक से एड्स के खिलाफ किया जागरूक

राजौंद। मंगलवार को गांव रोहेड़ा में हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाइटी के कार्यक्रम एच आई वी बचाव और रोकथाम के तहत नाटक मंडली के माध्यम से रोहतास पेगा और साथियों ने एड्स के फैलने के कारण और बचाव के बारे में गांव वासियों को जागरूक किया। इस दौरान आईसीटी राजौंद की टीम ने एच आई वी के टैस्ट किए, काउंसलर मनीता ने बताया कि एच आई वी एक लाइलाज बीमारी है ,जानकारी ही बचाव है, एच आई वी पीड़ित व्यक्ति भी एक आम आदमी का जीवन जी सकता है। समय समय पर टैस्ट करवाना चाहिए और कांसलर द्वारा बताए अनुसार जीवन जिए। उन्होंने बताया कि पॉजिटिव व्यक्ति हर दिन ए आर टी खाए। इस दौरान राजकमल टेनिशियन ने रक्त नमूनों की जांच की और बताया कि हर आई ई सी टी केंद्र पर जांच फ्री की जाती है और रिपोर्ट गुप्त रखी जाती है। उन्होंने बताया कि 45 रक्त नमूनों की जांच की गई है। आई सी टी काउंसलर लोकेश, रोहतास, इरफान, किताब, बलबीर, जयपाल नाटक मंडली, धर्मेन्द्र व शशि बाला बहुउद्देशीय कर्मचारी आशा वर्कर मौजूद रही।



### युवा वर्ग देश-समाज की सबसे बड़ी ताकत: जांबा

पूंडरी। डीएवी कॉलेज पूंडरी द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के छठे दिन मंगलवार को माता मनसा देवी मंदिर, फतेहपुर के मेन हॉल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय "हरा-भरा हरियाणा" रहा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मेक इन इंडिया" अभियान एवं "स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ" के संदेश पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सतपाल जांबा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने और नशा मुक्ति पर अपने विचार रखे। कहा कि हरा-भरा हरियाणा तभी संभव है जब हमारी युवा पीढ़ी स्वस्थ, जागरूक और नशा मुक्त होगी। नशा समाज को खोखला कर देता है, इससे दूर रहना ही सच्ची सेवा है। विधायक जांबा ने विद्यार्थियों से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान करते कहा कि युवा वर्ग देश और समाज की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को अपनाने की अपील की।

**खबर संक्षेप**

### नकारात्मक सोच तनाव का प्रमुख कारण: प्रवीण



पूंडरी। ध्रुव पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रखने और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढने के उद्देश्य से परीक्षा पर चर्चा विषय पर एक प्रेरणादायक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप स्कूल प्रबंधन के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सरल और सहज भाषा में समझाया गया कि परीक्षा के समय तनाव क्यों उत्पन्न होता है और किन कारणों से यह बच्चों के मन और पढ़ाई पर प्रभाव डालता है। स्कूल प्राचार्या प्रवीण ढिल्लो ने बताया कि अनावश्यक दबाव, समय की सही योजना न होना और नकारात्मक सोच तनाव के प्रमुख कारण होते हैं। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को तनाव से बचने के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए। सकारात्मक सोच अपनाने, समय प्रबंधन करने, नियमित अध्ययन करने, पर्याप्त नींद लेने और स्वयं पर विश्वास बनाए रखने पर विशेष रूप से जोर दिया गया।



### सर्वसम्मति से सोनू वर्मा बने प्रधान

कैथल। श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति की चुनावी बैठक मन्नत होटल में हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सोनू वर्मा को आगामी दो वर्षों के लिए समिति का नया प्रधान चुना। चुनावी प्रक्रिया के दौरान समिति के अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। इसमें चेयरमैन शरद बंसल, संयोजक एवं महासचिव सुषम कपूर, कोषाध्यक्ष सुनील खुराना, मुख्य सलाहकार संजय गर्ग, दिनेश पाठक व सतीश राजपाल को नियुक्त किया गया। वहीं उप प्रधान के रूप में गुलशन पपरेजा, अश्वनी खुराना एवं पवन बंसल को जिम्मेदारी सौंपी गई। संकीर्तन संयोजक के पद पर पारस गाबा व अमित सन्नी चुघ तथा तीर्थाटन संयोजक के रूप में सुजीत कपूर का चयन किया गया।



### स्वास्थ्य जांच के बाद नि:शुल्क दवाइयां वितरित

पूंडरी। नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से 20 जनवरी को गांव संगरोली के पंचायत घर और सिंगपुरा डेरा में मेडिकल वैन सेवा का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। मेडिकल वैन के माध्यम से एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई और मौके पर ही मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। डॉक्टर से परामर्श और मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेत्री निधि मोहन ने किया। उन्होंने कहा यह नवीन जिंदल जी की समाज सेवा के प्रति गहरी निष्ठा का प्रतीक है।



### काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: देवेंद्र हंस

सीवन। हलका विधायक देवेंद्र हंस ने अपने कार्यालय के समीप आम लोगों की समस्याएं सुनकर एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि जनप्रतिनिधि का असली स्थान जनता के बीच होता है। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी रोजमर्रा की परेशानियां विधायक के समक्ष रखीं, जिन्हें देवेंद्र हंस ने गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनसमस्याओं को टालना अब किसी भी अधिकारी के लिए आसान नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि काम में लापरवाही और जनता की अनदेखी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता के काम समय पर पूरे होना उनका पहला दायित्व है।

## हरियाणा की नौकरियां प्रदेश के युवाओं के लिए हों संरक्षित: हरपाल ढुल

- हर राज्य में उसके काबिल युवाओं के राज्य स्तर की नौकरियों के अधिकार संरक्षित हों :खाप प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



अंतरराष्ट्रीय ढुल खाप प्रधान हरपाल ढुल ने कहा कि हरियाणा राज्य की हर स्तर की नौकरियों पर सबसे पहला हक हरियाणा के युवाओं का होना चाहिए। जैसे बाकि सभी राज्य अपने अपने राज्यों की नौकरियां वहां के युवाओं के लिए संरक्षित रखते हैं, वैसे ही हरियाणा सरकार को भी इसका ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर राज्य के पब्लिक सर्विस कमीशन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर राज्य में उसके काबिल युवाओं के राज्य स्तर की नौकरियों के अधिकार संरक्षित हों, नहीं तो फिर राज्य पब्लिक सर्विस कमीशन का क्या औचित्य रह जाएगा, ऐसे तो सभी राज्यों के पब्लिक सर्विस कमीशन बोर्ड खत्म करके सिर्फ यूपीएससी ही रख लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हमारे प्रदेश के नेट और जेआरएफ किए हुए और युनिवर्सिटी गोल्ड मैडलिस्ट बच्चों को भी 35 प्रतिशत वाली शर्त लगाकर असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती से बाहर कर दिया गया है और ये युवा इस भयंकर शीत लहर में भी एचपीएससी के मुख्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं की यह दुर्दशा देखी नहीं जा रही। उन्होंने कहा कि इस भयंकर महंगाई के दौर में बहुत से अभिभावक या तो उच्च स्तर की शिक्षा दिलाने में समर्थ नहीं हैं या फिर बहुत से युवा वहां तक जाना ही नहीं चाहते। अगर उच्च शिक्षित युवाओं को उनके हक की नौकरियां नहीं मिलेंगी तो वो मायुस होकर गलत रास्ते पकड़ सकतें हैं। जिससे आने वाले समय में हरियाणा का भविष्य बर्बाद हो जाएगा।

### 66 जिंदा राउंड बरामद

कैथल। थाना तितरम क्षेत्र से एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ कैथल की टीम ने सतर्कता और त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों से संबंधित एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की टीम सोमवार को अपराधों की रोकथाम के लिए सांयकालीन गश्त दौरान करनाल रोड से होते हुए एनएच152 पर गांव तितरम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रजवाहा पुल गांव नरड़ के पास गुप्तचर ने सूचना दी कि लिंक माइनर रजवाहा के पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा काफी मात्रा में जिंदा राउंड छिपाकर रखे गए हैं। सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर दबिश दी गई।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 28 को

कलायत। कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल सही मायने में राजनीति के माध्यम से जन सेवा की भावना का उदाहरण पेश कर रहे हैं। इसका प्रमाण संसदीय क्षेत्र के पेहवा, कलायत, पूंडरी, थानेसर, रादौर व शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविरों के पहला चरण बनता नजर आ रहा है। इस कड़ी में 28 जनवरी को कलायत स्थित नगर पालिका कार्यालय भवन में स्वास्थ्य शिविर को आयोजन होगा।

## शिविर में 2500 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सूर्य नमस्कार का किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में खेल विभाग कैथल में जिला खेल अधिकारी राज रानी के निर्देशन में जिले की सभी खेल नर्सरियों एवं खेल स्टेडियम में सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है, जो कि 21 जनवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्य जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में सभी विभागों में भी आयुष योग सहायक (योग ट्रेनर) के माध्यम से करवाया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर चौशाला खेल नर्सरी, हरसोला खेल नर्सरी, कमालपुर खेल नर्सरी, भागल खेल नर्सरी, कैथल में स्थित सर छोटू राम इंडोर खेल स्टेडियम तथा रोहेड़ा की कबड्डी खेल नर्सरी, क्योड़क खेल स्टेडियम, पबनावा खेल स्टेडियम, बाबू अनंत राम खेल नर्सरी कौल, खेल नर्सरी ग्योंग में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को सूर्य नमस्कार से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 2500 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया।

**प्रार्थना सभा** हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

# छठी पुण्यतिथि: जमीन से जुड़े नेता थे स्व. शमशेर सिंह

- दिग्गज नेताओं और समाजसेवी ने श्रद्धांजलि देकर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ढांड रोड स्थित किसान भवन पर भारतीय किसान मजदूर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व. शमशेर सिंह सुरजेवाला की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा व अन्य राज्यों से वरिष्ठ नेतागण व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री रमिंदर सिंह आंवला, राजस्थान से विधायक ललित यादव, पूर्व मंत्री बी.एल. रंगा, पूर्व सीपीएस रामपाल माजरा, सांगवान खाप के प्रधान व पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान, पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, पूर्व संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा, पूर्व विधायक शिव शंकर भारद्वाज, भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष गुरनाम चढ़ूनी, वीरेंद्र शाह, हरियाणा सर्वखाप पंचायत प्रवक्ता सूबे सिंह समैन, हरियाणा महिला कांग्रेस अध्यक्षा सुधा भारद्वाज, हरियाणा सरपंच एसोसिएशन प्रधान रणबीर गिल, बिजेंद्र सुरजेवाला, मनजीत सुरजेवाला, सुदीप सुरजेवाला, जगरूप सुरजेवाला, अर्जुन सुरजेवाला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढांड, नरेश ढांडे, ईश्वर नैन, भूपेन्द्र लाठर, जाट शिक्षण संस्थान प्रधान राजकुमार बैनीवाल बुढ़ाखेड़ा, उपप्रधान बलजिंद्र बनवाला, सचिव रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन, अश्विनी शोरेवाला, रामनिवास मित्तल, कविराज शर्मा, बहादुर सैनी, सुशीला शर्मा, राम बहादुर खुरानिया, जगदीश बहादुर खुरानिया, प्रदर्शन परुथी, नरेन्द्र निझावन एडवोकेट, निशांत खुरानिया, अमित मिगलानी, आदि कार्यकर्ताओ ने स्व. शमशेर सिंह सुरजेवाला की प्रतिमा पर पुष्प चढाकर श्रद्धांजलि दी।



स्वर्गीय शमशेर सिंह सुरजेवाला को श्रद्धांजलि देते रणदीप सिंह सुरजेवाला व अन्य    फोटो : हरिभूमि

**चहुंमुखी विकास की गाथा को आगे बढ़ाया**

सभी मौजूद गणमान्य लोगो ने किसान हितैषी स्व. शमशेर सिह सुरजेवाला की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद करते हुए कहा कि शमशेर सुरजेवाला ने हमेशा अपने जीवन में किसानो के हितो की लडाई के साथ साथ कमेरे वर्ग,गरीब, छोटा दुकानदार और युवाओ की आवाज उठाई। वो जमीन से जुडे हुए नेता थे। वो प्रदेश ही नही बल्कि समस्त भारतवर्ष के नेता थे। उन्होने कैथल के साथ साथ नरवाना और साथ लगते सभी इलाके में चहुंमुखी विकास की गाथा को आगे बढाया और स्व.शमशेर सिह सुरजेवाला की कमी हमेशा हमें खलेगी।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्त को लेकर पुलिस चला रही अभियान

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना तितरम प्रभारी एसआई रामबीर द्वारा गांव देवबन में ग्रामीणों के साथ एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसआई रामबीर ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूरी बनाकर खेल, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है, इसलिए इसे जड़ से समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### योजनाओं के पात्रों को मिलेंगी सुविधाएं

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के नगरपालिका कार्यालय में एरिया सभा और वार्ड कमेटियों के गठन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नपा सचिव सौरभ जैन ने की। नगर पालिका सचिव सौरभ जैन ने बताया कि जुलाना शहर के सभी वार्डो में 21 जनवरी व 22 जनवरी को प्रत्येक वार्ड में एरिया सभा होगी। जिसमें सरकार द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार लाभार्थियों का वेरिफिकेशन होना है। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में एरिया सभा का गठन किया गया है।

23 मार्च को भगत सिंह जयंती पर रैली में करेंगे आंदोलन का ऐलान

# धान घोटाले की सीबीआई जांच के लिए भाकियू चढ़ूनी का प्रदर्शन

**निष्पक्ष जांच से कैथल में सामने आ सकता है प्रदेश का सबसे बडा धान घोटाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** नगराधीश को ज्ञापन सौपते भाकियू नेता गुरनाम चढ़ूनी तथा विक्रम कसाना एडवोकेट। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा में धान खरीद में 5 हजार करोड़ से अधिक के धान घोटाले की सीबीआई जांच करवाने आम जनता व किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में मंगलवार को हनुमान वाटिका से लेकर लघु सचिवालय तक प्रदर्शन कर रोष मार्च निकाला। भाकियू (चढ़ूनी) की जिला स्तरीय बैठक हनुमान वाटिका में जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक का संचालन युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने किया। भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने किसानों को संबोधित किया और वहां से किसान एक जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचे जिला प्रशासन को आम जनता व किसानों से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा इसके अलावा धान घोटाले की निष्पक्ष सीबीआई जांच को लेकर 14 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में गुरनाम चढ़ूनी ने कहा कि धान खरीद में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल व राज्य की खरीद एजेंसियों, मंडी प्रशासन, कृषि व किसान कल्याण विभाग द्वारा किए गए कार्यों में गंभीर अनियमितताएं, संदिग्ध सत्यापन फर्जी रकवा वदी व अवैध खरीद के गंभीर मामले सामने आए हैं, जिनमें राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को हजारों करोड रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग पत्र में घोटाले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच तत्काल करवाए जाने, घोटाले से संबंधित सभी रिकॉर्ड जब्त करके संरक्षित करने के लिए तत्काल निर्देश दिए जाने, खरीद एवं सत्यापन में शामिल अधिकारीयों एवं कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की।

**ये रहे मौजूद**

प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह मथाना, प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल नरड, जिला अध्यक्ष गुरनाम फरल, नरेंद्र मागो माजरी, विक्रम ढुसैण, कृष्ण मालखेड़ी, बलकार खुराना, रणधीर बरसाना,पिरथी कौल, बलिंद्र हजवाना, सतपाल पुंडरी, मोनी खेड़ी, अनिता सुदकण, गुरमुख फरल, आशू कौल, राम मुदडी, शीलू गोलन, कृष्ण कलाल माजरा, संजू गुदियाना, मलकीत अम्बाला आदि ने भाग लिया।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा आंदोलन**

युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि भाकियू (चढ़ूनी) महाभ्रष्टाचार के खिलाफ संगठित मुद्दों धान घोटाला,स्कूल में अस्पतालों की लूट,आयात कर,बिजली व बीज बिल आदि मुद्दों को लेकर बड़ा आंदोलन करने जा रही है। 23 मार्च शहीद भगत सिंह की जयंती पर पिपली में बड़ी किसान रैली का आयोजन कर इन सभी मुद्दों के खिलाफ हुंकार भरी जाएंगी। सरकार पूंजीपतियों के बेईमानी भारी कर्ज माफ कर रही है, जबकि छोटे और गरीब किसान के साथ अन्याय किया जा रहा है। प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, जिसमें किसान मजदूर कमेरा वर्ग पीस रहा है, लेकिन उनकी कोई सुनाई नहीं हो रही। प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल नरड व चमकौर सिंह चीका ने कहा कि गुहला चीका के क्षेत्र में बारिश के मौसम के दौरान करीब 40 हजार एकड़ में किसानों की फसलें बाढ व बारिश के पानी से खराब हुई है।सरकार ने जिन किसानों की फसलें व जान माल, पशुधन, मकान व ट्यूबवैल खराब हुए थे, उनको 7 से लेकर 15 हजार प्रति एकड़ मुआवजा देने की घोषणा की गई थी पर आज तक किसानों को कोई भी मुआवजा नहीं मिला है। भाकियू चढ़ूनी सरकार से मांग करती है कि जिन किसानों की फसलें खराब हुई है, उनको 50 हजार रुपए प्रति एकड मुआवजा तुरंत दिया जाए।

# अधीक्षक अभियंता कार्यालय में लगी बिजली अदालत, सुनीं शिकायतें

- लो वोल्टेज और खराब मीटर की समस्या लेकर पहुंचे फरियादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** जन समस्याएं सुनते हुए अधीक्षक अभियंता। फोटो :हरिभूमि

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली अदालत का आयोजन अधीक्षक अभियंता कार्यालय में किया गया। बिजली अदालत में जींद के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बिजली की समस्याएं सुनी। मंगलवार को आयोजित हुई बिजली अदालत में कम संख्या में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। जिनमें बिजली लाइनों को वोल्टेज समस्या, खराब मीटर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। इसके बाद बिजली बिलोंए खराब मीटर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांतरण करने और सोलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधि में समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने कहा कि बिजली निगम द्वारा इस प्रकार की बिजली अदालत लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं।

# लोकतंत्र में अधिकारियों का अपमान दुर्भाग्यपूर्ण

- देवेंद्र हंस की हरकत कांग्रेस की सोच उजागर करती है : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ब्लॉक समिति परिसर में दुकानों की लंबाई बढ़ाने के मामले को लेकर गुहला विधायक देवेंद्र हंस द्वारा एस.डी.एम. गुहला के साथ सार्वजनिक रूप से झुनझुना पकड़ाने जैसा व्यवहार न केवल एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की मर्यादा के खिलाफ है, बल्कि यह प्रशासनिक अधिकारियों के सम्मान पर सीधा प्रहार भी है। भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक की यह हरकत उनके अहंकार और असंवेदनशील मानसिकता को दर्शाती है। एक संवैधानिक पद पर बैठे अधिकारी के साथ इस तरह का अमर्यादित व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करता है। भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ने मांग की कि देवेंद्र हंस को इस अमर्यादित व्यवहार के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा भविष्य में जनप्रतिनिधि की गरिमा के अनुरूप आचरण करना चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रशासन से भी अपेक्षा की कि वह बिना किसी राजनीतिक दबाव के नियमों के अनुसार निष्पक्ष कार्रवाई करें।

**कांग्रेस को लिया आड़े हाथों**



ज्योति सैनी ने कहा कि दुकानों के निर्माण एवं लंबाई बढ़ाने से संबंधित विषय नियमों, अधिनियमों एवं न्यायालय के आदेशों के अधीन आते हैं। ऐसे मामलों में प्रशासन को कानून के अनुसार कार्य करना होता है, न कि किसी विधायक के दबाव या प्रदर्शन के आधार पर। विधायक द्वारा एसडीएम को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना निंदनीय है और इसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की यही पुरानी कार्यशैली रही है जब नियम-कानून आड़े आते हैं तो वे अधिकारियों को डराने-धमकाने और तमाशा खड़ा करने का प्रयास करते हैं। भाजपा ऐसे किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगी जो प्रशासनिक निष्पक्षता और कानून के राज पर आघात करता हो।



**पूंडरी।** चेयरमैन सुभाष हजवाना का स्वागत करते सब्जी मंडी एसोसिएशन सदस्य।

### किसानों, आढ़तियों और मजदूरों की सुनीं समस्याएं

**पूंडरी।** स्थानीय सब्जी मंडी में सब्जी मंडी एसोसिएशन की ओर से मार्केट कमेटी चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष हजवाना का भव्य स्वागत किया गया। मंडी में पहुंचने पर प्रधान हरिचंद सैनी सहित गणमान्य लोगों ने पटका पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और फल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, मंडी आढ़ती, मजदूर और अधिकारी उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जन सेवक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास, पारदर्शिता और सुशासन के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सब्जी मंडी में किसानों, आढ़तियों और मजदूरों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। सब्जी मंडी एसोसिएशन की ओर से उन्हें मंडी से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में नियमित सफाई कर्मचारी की नियुक्ति, मंडी में 2 स्वागत द्वार बनाने, बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने, शैड की मरम्मत, दुकानों के पीछे ब्लॉक लगवाने और मंडी की बाउंड्री वाल ऊंची करवाने जैसी प्रमुख मांगें शामिल रहीं।

# 23 को कुरुक्षेत्र में मनाई जाएगी सर छोटूराम व नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती : कृष्ण श्योकंद

- कृष्ण बेदी और नवीन जिंदल होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान कृष्ण श्योकंद जानकारी देते हुए।

महाराजा सूरजमल जाट वैलफेयर सोसाइटी कैथल में प्रधान भीम सिंह कुलतारन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र के प्रधान कृष्ण श्योकंद ने पहुंच कर सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की ओर 23 जनवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र में आयोजित हर वर्ष की भांति बंसत पंचमी के अवसर पर देश के दो महान आत्मा दिनबंधु सर छोटूराम के पावन पवित्र जंयती व नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती बड़ी धुमधाम से बनाने का फैसला लिया गया है। इस एतिहासिक समारोह में महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सान्निध्य में हरियाणा प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुभाष बराला की रहनुमाई में होगी। प्रदेश सरकार ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व कुरुक्षेत्र के लोकसभा सांसद नवीन जिंदल वशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान ने बताया कि हर वर्ष की भांति बंसत पंचमी को चौधरी सर छोटूराम किसान मसीहा के स्वैच्छिक जन्मदिवस पर सर्व समाज की उपस्थिति में कुरुक्षेत्र धर्मशाला में बड़े हर्षोल्लास के साथ 23 जनवरी को मनाई जाएगी। कृष्ण श्योकंद ने बताया कि सर छोटूराम ने अपने जीवन काल में गरीब किसान मजदूरों दलितों व अपने अधिकारों से वंचित सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किए। तुम मुझे खून दो, मै तुम्हे आजादी दूंगा।


**पूंडरी।** शतचंडी महायज्ञ में आहुति अर्पित करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा शतचंडी महायज्ञ

**पूंडरी।** माता मनसा देवी मंदिर फतेहपुर परिसर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में निरंतर जारी है। कलश यात्रा संपन्न होने के उपरांत अब श्रद्धालु बड़ी संख्या में यज्ञ स्थल पर पहुंचकर आहुतियां अर्पित कर रहे हैं और धार्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम में विशेष रूप से सचिव सुरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष नरेश वालिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, बॉबी वालिया, डॉ. अनिल वालिया व मुकेश वालिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने यज्ञ में सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित किया। माता मंदिर के तीर्थ सभा के प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन हवन, पूजन, भजन और धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की निरंतर उपस्थिति से यज्ञ स्थल पूरी तरह भक्ति में सराबोर नजर आ रहा है। महायज्ञ 27 जनवरी तक लगातार चलेगा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और आपसी भाईचारे के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जा रही हैं।

# आशा वर्कर्स 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगी: सुषमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** सीएमओ को ज्ञापन सौपती आशा वर्कर।

सिविल सर्जन कार्यालय पर आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध सीटू व सहयोग सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने जिला प्रधान सुषमा जड़ोंला की अध्यक्षता में गेट मीटिंग करते हुए बढ़ते ऑनलाइन कार्यों के विरोध में सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा।

जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश शास्त्री ने बताया आशाओं से जो आभा ऑनलाइन काम करवाया जा रहा है यह एक टेक्निकल काम है । इसके लिए टेक्निकल पद की जरूरत है। आशा द्वारा दी जा रही सेवाओं में ऑनलाइन काम करना नहीं है। हमने पहले भी आपको लिखित में दिया है कि हमारे को जो सरकार ने फोन दिए थे वह 2018 में दिए गए थे वह अब बिल्कुल काम नहीं कर रहे। किसी भी तरह का ऑनलाइन काम जो हमारी बहनें कर रही हैं उससे आशा की रूटीन गतिविधियां प्रभावित हो रही है जिससे आशा वर्कर्स के कार्य क्षेत्र में दिक्कत आ रही है। एनसीडी और आभा का हमारा काम नहीं है यह हमसे दबाव देकर करवाया जा रहा है। हमारे ऊपर ऑनलाइन काम का दबाव ना डाला जाए आशाओं से आए दिन नई-नई रिपोर्ट मांगी जा रही है। समुदाय में महिलाओं बच्चों बुजुर्गों और तमाम तरह की बीमारियों से बचाव के कार्यों को करने काम आशा वर्कर्स को दिया गया है। उसमें आशाओं का समय खर्च हो जाता है।

# सड़कों पर पेंच वर्क, गड्ढों की मरम्मत और सड़क लेवलिंग का कार्य जल्द करें

- एडीसी ने सड़क सुधार, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान व स्कूल बसों की जांच को लेकर दिए निर्देश
- जिला प्रशासन ने की रोड सेफ्टी व्यवस्थाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


**जींद।** बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए एडीसी प्रदीप कुमार।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यह आवश्यक है कि शहर के उन क्षेत्रों और समयावधि का विश्लेषण किया जाए। जहां दुर्घटनाओं की संख्या अधिक रहती हैए ताकि समय रहते प्रभावी और ठोस प्रिवेंटिव उपाय किए जा सकें। हे निर्देश लघु सचिवालय के सभागार में मंगलवार को जिला रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार अधिकारियों को दे रहे थे। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने पिछली बैठक के सभी एजेंडों की विस्तृत समीक्षा की तथा नए एजेंडों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने संबंधित रोड एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र की सड़कों पर पैच वर्क, गड्ढों की मरम्मत, सड़क लेवलिंग, आवश्यक साइन बोर्डों की स्थापना तथा जलभराव की संभावित जगहों पर समय रहते स्थायी समाधान सुनिश्चित करें।

**यह रहे मौजूद**

इस दौरान बैठक में एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, डीडीपीओ संदीप, सभी संबंधित रोड एजेंसियों के अधिकारी, ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ तथा गैर सरकारी सदस्य सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एथलेटिक्स में कांस्य पदक जीतने वाली सोनिया धनखड़ी को किया सम्मानित

- मेंगलुरू में आयोजित 85वीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


**उचाना।** खिलाड़ी सोनिया धनखड़ी को सम्मानित करत हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

धनखड़ी में आयोजित कार्यक्रम में एथलीट खिलाड़ी सोनिया धनखड़ी को सम्मानित किया। सोनिया धनखड़ी ने मेंगलुरू (कर्नाटक) में आयोजित 85वीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 200 मीटर दौड़ में स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने हिस्सा लिया।

अत्री ने कहा कि धनखड़ी की बेटी सोनिया ने कांस्य पदक जीत कर न केवल गांव का बल्कि हलके, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। निरंतर एथलेटिक्स में पदक जीत कर सोनिया नाम रोशन कर रही है। प्रतिभाओं की कोई कमी ग्रामीण क्षेत्र में नहीं है। सरकार निरंतर खेलों को बढ़ावा देने के लिए सुविधाएं खिलाड़ियों को मुहैय्या करवा रही है। हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। सरकार की खेल हितैषी नीतियों के चलते युवाओं का खेलों की तरफ रूझान बढ़ रहा है।




### रोडवेज जींद डिपो में नही आए नए हैप्पी कार्ड

**जींद।** जिले में अंत्योदय परिवारों के लिए सरकार की ओर से मार्च 2024 में हैप्पी कार्ड योजना शुरू की गई थी। योजना के तहत पात्र व्यक्ति रोडवेज बसों में साल में एक हजार किलोमीटर सफर कर सकता है। वहीं 2024 के बाद से रोडवेज जींद डिपो में नए हैप्पी कार्ड नहीं आए हैं। वहीं पहले वाले हैप्पी कार्ड में से अभी भी 4900 से ज्यादा का वितरण पात्र लोगों को देना बाकी है। जिले में 107401 हैप्पी कार्ड बने थेए जिसमें से अभी 102454 कार्ड पात्र लोगों को दिए जा चुके हैंए जबकि 4947 कार्ड अभी भी नहीं बंटे हैं। गौरतलब है कि सरकार ने अंत्योदय परिवारों के लिए रोडवेज बसों में एक वर्ष में एक हजार किलोमीटर की मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए हैप्पी कार्ड बनाए जाते हैं। एक लाख रुपये वार्षिक ।आय तक वाला व्यक्ति हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन कर सकता है। व्यक्ति को अटल सेवा केंद्र से आनलाइन आवेदन करना होता है। कार्ड बनने पर पात्र व्यक्ति के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर संदेश आता है। बस स्टैंड में आवेदक को आइडी के साथ पहुंचकर 50 रुपये शुल्क अदा करने पर कार्ड एक्टिवेट कर सौंप दिया जाता है। वहीं कार्ड गुम होने या खराब होने पर 310 रुपये शुल्क के साथ व्यक्ति को दोबारा से नया कार्ड दिया जाता है लेकिन अगस्त 2024 के बाद जिन लोगों ने हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन किया है, उनके कार्ड बन कर मुख्यालय से नहीं आए हैं।

विजेता बेटी जून माह में यूरोप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी

# 12 वर्षीय स्केटिंग खिलाड़ी अपेक्षा ने राष्ट्रीय खेलों में जीता कांस्य

**19 जनवरी को मुंबई में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में छाई छात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** मुंबई में अपने माता-पिता व भाई के साथ खिलाड़ी अपेक्षा।

यमुनानगर की 12 वर्षीय बेटी अपेक्षा ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्केटिंग खेल में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। अपेक्षा के पिता संजीव कुमार पहले कलायत शहर एवं वर्तमान में खिजराबाद स्टेट बैंक आफ इंडिया में प्रबंधक के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। जबकि उनकी माता मीनाक्षी कलायत की रहने वाली हैं। माता-पिता ने छोटी आयु में बेटी की खेल जगत में बड़ी सफलता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को मुंबई में आयोजित नेशनल खेल प्रतियोगिता में अपेक्षा ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इससे पहले दिसंबर माह में गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय खेलों में अपेक्षा अपनी प्रतिभा से गोल्ड मैडल जीत चुकी है। अब राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस सफलता के बाद अपेक्षा के लिए एक और बड़ी उपलब्धि सामने आई है। उन्हें यूरोप में जून माह में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता गामा में भाग लेने के लिए आमंत्रण मिला है। वे युरोप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता में दुनिया के कई देशों के बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और अपेक्षा को अपनी प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाने का अवसर मिलेगा। खिलाड़ी अपेक्षा के प्रशिक्षक ओमबीर राठी व एकता ने बताया कि बेटी मूल रूप से हरियाणा के यमुनानगर की रहने वाली हैं। वे कम उम्र से ही स्केटिंग के प्रति गहरी रुचि रखती हैं और लगातार मेहनत व अभ्यास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

**राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो करेगा सम्मानित**

राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो राज्य चेयरमैन महेंद्रपाल धानियां ने बताया कि खेलों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को संस्था निरंतर आगे बढ़ने को प्रेरित करती आई है। इसके तहत अपेक्षा को सम्मानित किया जाएगा। सभी को विश्वास है कि यूरोप में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी अपेक्षा शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम ऊंचा करेंगी। उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

**कोच के मार्ग दर्शन से मिली सफलता**

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपेक्षा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता अपेक्षा की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। अपेक्षा की इस सफलता के पीछे उनके कोच ओमवीर राठी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कोच ओमवीर राठी व एकता ने उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया।